Title: Regarding water shortage in the outskirts of Jammu and Kashmir.

वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर भारत में सभी जगहों पर बारिश नहीं हुई है लेकिन जम्मू-कश्मीर का जो बाहरी इलाका है उसमें पिछले 6 महीने से बारिश न होने की वजह से सारे नदी-नाले, चश्में व दरिया सूखे पड़े हैं। इसलिए बकरवाल, गुर्जरों और जमींदारों को 5-6 मील की दूरी तय करने के बाद ही पानी मुहैया हो पाता है। सरफेस वाटर मैंनेजमेंट और जमीन के नीचे जो पानी का प्रबंधन है वह बहुत मुश्किल है। इसलिए पानी की समुचित व्यवस्था के लिए सरकार को अभी से तैयार रहने की जरुरत है क्योंकि वहां इस बार बर्फबारी भी नहीं हुई है। इसलिए वहां पानी की इस बार बहुत किल्लत पड़ेगी। धन्यवाद।